# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/ नि० 1-04/2018 खण्ड-III 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रेषक,

**गिरीश शंकर,**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
पटना, नवादा, गया, नालन्दा, भागलपुर, वैशाली एवं रोहतास ।

**संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) ।**
(संलग्न सूची के अनुसार)।

विषय : **सहकारी साख एवं विपणन संरचना से जुड़े बिहार सहकारिता अधिनियम 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

प्राधिकार के पत्रांक 278 दिनांक 28.01.2020 द्वारा 66 (छियासठ) विभिन्न सहकारी समितियों (सूची संलग्न) के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि दिनांक 31.01.2020 निर्धारित की गयी थी एवं तद्नुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 26.02.2020 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया गया था। मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 763 दिनांक 06.03.2020 द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, जिसके अनुसार सूचना का प्रकाशन दिनांक 23.03.2020 को किया जाना था किंतु राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए लॉक डाउन के मद्देनजर प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 867 दिनांक 23.03.2020 द्वारा उक्त अधिसूचित कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा।

2. चूँकि बिहार सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 21 म (ख) (i) के तहत मतदाता सूची की तैयारी के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के 120 दिनों की सीमा के अंतर्गत निर्वाचन कराया जाना है, जो लॉक डाउन के कारण नहीं हो सका। अतएव उक्त 66 (छियासठ) विभिन्न सहकारी समितियों की मतदाता सूची का नये सिरे से प्रकाशन कराया जाना बाध्यकारी स्थिति है।

3. उक्त सहकारी समितियों की मतदाता सूची की तैयारी एवं उसके बाद निर्वाचन के उद्देश्य से प्राधिकार ने दिनांक 31.05.2020 को कट-ऑफ तिथि के रूप में निर्धारित किया है। केवल वैसे व्यक्ति जो दिनांक 31.05.2020 तक समिति की सदस्यता ग्रहण कर चुके है तथा जो अन्य निर्धारित शर्तें पूरी करते है मतदाता सूची में सम्मिलित किये जा सकेंगे।

4. उक्त सहकारी समितियों की मतदाता सूची की तैयारी हेतु प्राधिकार द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

| क्र० | कार्यक्रम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | सहकारी समिति द्वारा प्रपत्र एम-1 में सदस्यता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 20.06.2020 |
| 2 | जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कर अथवा उक्त सूची स्वयं तैयार कर उसे निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 22.06.2020 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर प्रकाशन | 24.06.2020 |
| 4 | आम नोटिस का प्रकाशन जिसमें मतदाता सूची के संबंध में दावे/ आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि और प्राप्त दावे/ आपत्तियों के निष्पादन की तिथि अंकित है | 24.06.2020 |
| 5 | दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | 04.07.2020 तक |
| 6 | दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 09.07.2020 |

5. संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने प्रखंड में अवस्थित समिति की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना प्रारूप प्रकाशन के दिन ही संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध करा दी जायगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा सूचनाएँ एकत्रित कर दिनांक 26.06.2020 तक इसे निश्चित रूप से प्राधिकार को समेकित रूप में उपलब्ध करायी जायगी।

6. निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के पहले प्राधिकार के लिए अंतिम रूप से प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची का संक्षिप्त विवरण जानना आवश्यक है। **दिनांक 11.07.2020 को निर्वाचन पदाधिकारी अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और इस प्रतिवेदन को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी या अन्य पर्यवेक्षक के माध्यम से जिला सहकारिता पदाधिकारी को उसी दिन उपलब्ध करा देंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में ही सभी संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदनों को समेकित करेंगे एवं इसे उसी प्रपत्र में ई-मेल या विशेष दूत द्वारा दिनांक 13.07.2020 तक निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करा देंगे।**

7. **लॉक डाउन अभी पूर्णतः समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी दावा/ आपत्तियों का निष्पादन करते समय कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे कि दावा/ आपत्ति दायर करने तथा सुनवाई के समय भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए यह भी आवश्यक होगा कि दावा/ आपतियों के निष्पादन हेतु सुनवाई के लिए निर्धारित अवधि के अंदर अलग-अलग दावों के लिए अलग-अलग समय का निर्धारण किया जाय। यह व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय कि दावा/ आपत्ति दायर करने तथा इनपर सुनवाई के समय एक दूसरे व्यक्तियों के बीच सामाजिक दूरी बनी रहे ।**

8. प्राधिकार के पत्रांक 278 दिनांक 28.01.2020 द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत रहेंगे।

**अनुलग्नकः सहकारी समितियों की सूची।**

विश्वासभाजन,

(गिरीश शंकर)

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना, नवादा, गया, नालन्दा, भागलपुर, वैशाली एवं रोहतास। को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. वे कृपया अपने स्तर से भी उपर्युक्त निदेश की जानकारी संबंधित समिति को देगें तथा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

12/6/2020

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी।**

ज्ञापांक : 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रतिलिपि: सहायक निबंधक, स0स0, बुनकर (गुलजारबाग), नवाब बहादुर रोड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 1311 /पटना, दिनांक 12/06/2020

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ श्री वीरेन्द्र महतो, सहायक/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

# निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पटना | पटना सदर | अभियन्ता गृहनि0स0स0लि0, पटना |
| 2 | पटना | पटना सदर | जगदीवन राम लेन सह0उप0भंडार लि0, पटना |
| 3 | पटना | पटना सदर | मिठापुर तेल विक्रेता रिक्शा चालक स0स0लि0, पटना |
| 4 | पटना | पटना सदर | रतनतारा गृहनि0स0स0लि0, पटना |
| 5 | पटना | दानापुर | आदर्श स0गृ0नि0स0स0लि0, पटना |
| 6 | पटना | दानापुर | गोसाईटोला श्रमिक स0स0लि0, दानापुर |
| 7 | पटना | दानापुर | गॉधीनगर स0गृ0नि0स0स0लि0, पटना |
| 8 | पटना | पटना सदर | डी0डी0स0गृ0नि0स0लि0, पटना |
| 9 | पटना | पटना सदर | स्वामी विवेकानंद को-ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन सो0लि0, बेगमपुर पटना सिटी, पटना |
| 10 | पटना | पटना सदर | कुसुमपुरम स0गृह निर्माण स0, शेखपुरा, पटना |
| 11 | पटना | पटना सदर | विधुतनगर सह0 गृहनि0स0, विधुत नगर सेक्टर, तिरूवन्तपुरम सिटी, पटना |
| 12 | पटना | पटना सदर | लोक हितैषी स0उ0भ0लि0, बिरूआ चक पटना सिटी |
| 13 | पटना | पटना सदर | अशोकपुरी स0गृ0नि0स0, पटना |
| 14 | पटना | दानापुर | सारण स0गृ0नि0स0लि0, दानापुर, पटना |
| 15 | पटना | पटना सदर | संदीप सहकारी उपभोक्ता भ0लि0, चित्रगुप्त नगर कंकड़बाग, पटना |
| 16 | पटना | पटना सदर | सुशीला नगर स0गृ0नि0स0लि0, बोरिंग रोड, पटना |
| 17 | पटना | पटना सदर | मेडिकल प्रेक्टीशनर्स एण्ड आदर्श गृ0नि0स0लि0, पटना सिटी |
| 18 | पटना | पटना सदर | गुदरी बाजार सिलाई-बुनाई प्रशिक्षण -सह- वस्त्र उत्पादक औधौगिक महिला सहयोग समिति लि0, गुदरीबाजार |
| 19 | पटना | दानापुर | आदर्श को-ऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज लि0, दानापुर |
| 20 | पटना | दानापुर | दानापुर निजामत नगर पालिका वार्ड नं0-05 सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 21 | पटना | दानापुर | दानापुर आदर्श मोटर परिवहन स0स0लि0 वार्ड नं0-05 |
| 22 | पटना | दानापुर | गोसाई टोला सर्वोदय सहयोग स0सलि0, दानापुर |
| 23 | पटना | पटना सदर | पटना ब्रांच ए0जी0ऑफिस हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पटना |
| 24 | नवादा | मेसकोर | मेसकौर श्रमिक स0स0लि0, मेसकौर |
| 25 | गया | बेलागंज | सिमरा श्रमिक स0स0लि0, |
| 26 | नालन्दा | बिहारशरीफ | गुलजार न0-01 प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सोहडीह, बिहारशरीफ |
| 27 | नालन्दा | बिहारशरीफ | अलीनगर प्रा0 बुनकर स0स0लि0, बिहारशरीफ |
| 28 | नालन्दा | सिलाव | नेपुरा सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सिलाव |
| 29 | नालन्दा | बिहारशरीफ | सोहडीह स0उप0 लि0, सोहडीह |
| 30 | नालन्दा | बिहारशरीफ | आदर्श प्राथमिक स0उप0 लि0, सोहडीह |
| 31 | नालन्दा | इस्लामपुर | अंसार नगर प्राथमिक उप0भं0 लि0, इस्लामपुर, नालंदा |
| 32 | नालन्दा | बिहारशरीफ | मखदुम प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सोहसराय |

# निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 33 | नालन्दा | बिहारशरीफ | आजाद न0 1 प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सोहडीह, |
| 34 | नालन्दा | बिहारशरीफ | परिवार प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, बिहारशरीफ |
| 35 | नालन्दा | बिहारशरीफ | खुर्द बिहार प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सोहडीह |
| 36 | नालन्दा | बिहारशरीफ | सोहडीह तॉती प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, सोहसराय |
| 37 | नालन्दा | बिहारशरीफ | नालन्दा प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, बिहारशरीफ |
| 38 | नालन्दा | बिहारशरीफ | बसवनबिगहा प्राथमिक बुनकर स0स0लि0, बिहारशरीफ |
| 39 | नालन्दा | बिहारशरीफ | प्रशिक्षित इमादपुर तांती प्राथमिक बनुकर स0स0लि0, इमादपुर |
| 40 | नालन्दा | बिहारशरीफ | बिहार तांती प्राथमिक बनुकर स0स0लि0, भैसासुर |
| 41 | नालन्दा | बिहारशरीफ | अशोक प्राथमिक बनुकर स0स0लि0, सोहडीह |
| 42 | नालन्दा | बिहारशरीफ | शंकर प्राथमिक बनुकर स0स0लि0, इमादपुर |
| 43 | नालन्दा | बिहारशरीफ | श्रीस्तल रेशम एवं सूती वस्त्र निर्माण प्राथमिक बनुकर स0स0लि0, अम्बेर |
| 44 | भागलपुर | कहलगॉव | मकसपुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 45 | भागलपुर | गोराडीह | मिरनचक प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 46 | भागलपुर | खरीक | ध्रुवगंज प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 47 | भागलपुर | जगदीशपुर | राजा सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 48 | भागलपुर | जगदीशपुर | चमेलीचक प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 49 | भागलपुर | जगदीशपुर | कमालचक मुस्तफापुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 50 | भागलपुर | नाथनगर | युनाईटेड ग्रामोधोग प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 51 | भागलपुर | नाथनगर | दीपक सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 52 | भागलपुर | नाथनगर | चम्पानगर तांती प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 53 | भागलपुर | नाथनगर | श्रीरामपुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 54 | भागलपुर | नाथनगर | नेशनल प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 55 | भागलपुर | नाथनगर | किरण सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 56 | भागलपुर | नाथनगर | नाज प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 57 | भागलपुर | नाथनगर | भारत सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 58 | भागलपुर | नाथनगर | आईडियल प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 59 | भागलपुर | नाथनगर | ग्राम सेवक सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 60 | भागलपुर | नाथनगर | नरगानूर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 61 | भागलपुर | नाथनगर | गॉधी प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 62 | भागलपुर | नाथनगर | चॉद सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 63 | भागलपुर | शाहकुंड | खैरा प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 64 | वैशाली | महुआ | मिरजा नगर ग्रामोदय सहयोग समिति लि0 |
| 65 | रोहतास | नासरीगंज | मोरोझिया प्राथमिक कम्बल बुनकर स0स0लि0 |
| 66 | रोहतास | शिवसागर | सिलारी गोपालपुर प्राथमिक कम्बल बुनकर स0स0लि0 |